**बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र** ( केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार )

गेट वेल हॉस्पिटल के उप्पर, शास्त्री नगर, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) टे.न. 01902- 225915

संख्या : WDTC/Kullu/प्रवेश/2025-26 दिनांक 11-02-2026

# निशुल्क हथकरघा प्रशिक्षण प्रवेश सूचना

केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड द्वारा कुल्लू में एक बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा हैं जिसमे कुल्लू जिले के ग्रामीण नोजवानों एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वालंबन, शशक्तिकरण, स्वरोजगार हेतु निरंतर अवसर उपलब्ध करवा रहा हैं । इस निशुल्क नियमित हैंडलूम प्रशिक्षण केन्द्र पर चयनित प्रशिक्षणार्थीयो को विभिन्न हस्त निर्मित उन्नी वस्त्र जैसे कुल्लू शाल, स्टाल्स, जेंट्स चद्दर, मफलर, ऊनी दरी/ कारपेट, बॉर्डर और सजावटी सामग्री आदि का विभिन्न हैंडलूम यंत्रो पर बुनाई एवं डिजाइनिंग में दक्षता विकसित करने हेतु 4 माह का पूर्णकालिक निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं जिसमे जरुरत-मद ग्रामीण/ पहाड़ी क्षेत्र महिला उमीदवारो को प्रवेश में प्राथमिकता प्रदान कि जाती हैं । इस प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित प्रतिदिन कार्य-दिवसों पर प्रशिक्षणार्थीयो को उनकी उपस्थिति के आधार पर वर्तमान में प्रतिदिन रुपये 125/- कि दर से वजीफा राशी (Stipend) भी प्रोत्शाहन हेतु सम्बंधित माह के अंत में उनके बैंक खाते में ट्रान्सफर किया जाता हैं इस प्रशिक्षण हेतु उमीदवारो को प्रर्याप्त साक्षर (पढ़ा लिखा) होना चाहिये ।

इस प्रशिक्षण केंद्र के अगले नये बैच/सत्र जो दिनाक 1 मार्च, 2026 से अगले चार माह हेतु आरम्भ होगा इसमें नये उमीदवारो के चयन करने हेतु प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ कर दी गयी हैं जिस हेतु प्रवेश लेने के इच्छुक उमीदवारो/ अभियार्थियो को अपना नाम, जन्म दिनाक/ आयु प्रमाण पत्र, जाती, पूर्ण पता, शेक्षणिक योग्यता, बुनाई एवं डिजाइनिंग का पूर्व का अगर कोई अनुभव, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड प्रति, राष्ट्रीयकृत बैंक पासबुक/विवरण प्रति, स्वयं रंगीन पासपोर्ट साइज़ फोटो सहित दिनाक 25-02-2026 (बुधवार) को सायं 4.00 बजे तक बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र, शास्त्री नगर, कुल्लू पर संपर्क कर निर्धारित आवेदन फॉर्म पूर्ण भरकर जमा कराना होगा तथा आवश्यक प्रमाण पत्र भी साथ जमा/ सलग्न करवाने होंगे। प्रक्षिक्षनार्थी महिला एवं पुरुष कोई भी हो सकता हैं इस प्रवेश सम्बन्ध में निचे दर्शाये गये मोबाइल नंबर और इ-मेल पते पर कभी भी संपर्क कर अन्य जानकारी प्राप्त कि जा सकती हैं ।

उमीदवारो/ अभियार्थियो के चयन हेतु चयन समिति के समक्ष स्वयं साक्षात्कार (Interview) हेतु उपस्थित होकर मूल दस्तावेजो को प्रस्तुत करना होगा जिसकी बैठक दिनाक 26 फरवरी, 2026 ( गुरुवार) को सुबह 11.00 बजे साक्षात्कार एवं चयन हेतु 'बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र', गेट वेल हॉस्पिटल (Get Well Hospital) के उप्पर भवन, शास्त्री नगर, कुल्लू (हि.प्र.) पर आयोजित कि जायेगी तथा इसमें सभी उमीदवारो को अनिवार्य उपस्थित होना होगा और इसके लिये अलग के कोई प्रथक से पत्र /सूचना व्यहार नहीं किया जायेगा । इस प्रवेश जानकारी के लिये बोर्ड कि **वेबसाइट** https://www.woolboard.in पर इस प्रवेश सूचना देखी जा सकती हैं ।

धनसिंह राठौर

प्रभारी, बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र,

कुल्लू ( मोबाइल 94132 49237 & 94186 60331 )

E Mail: padsr.cwdb@gmail.com

संख्या : WDTC/Kullu/प्रवेश/2025-26 दिनांक 11-02-2026

प्रतिलिपि आवश्यक सूचनार्थ एवं नम्र निवेदन है कि कृपया कुल्लू शहर में संचालित इस निशुल्क हैंडलूम प्रशिक्षण केंद्र और प्रतिदिन रूपए 125/- प्रोत्शाहन वजीफा राशी (Stipend) आधारित पर नये सत्र/ बैच जो 1 मार्च, 2026 से आरम्भ होगा में इच्छुक उमीदवारो/ अभियार्थियो को प्रवेश दिलवाने हेतु इस प्रवेश सूचना को व्यापक प्रचार-प्रसार और उन्हें सूचित/जानकारी प्रदान करने में सहयोग प्रदान करावें । इस प्रशिक्षण प्रवेश सूचना को अपने कार्यालय/ विभाग से सम्बंधित सभी नोटिस बोर्ड/ परिपत्र/ मोबाइल WhatsApp ग्रुप में भी व्यापक प्रचारित/ भिजवाने कि कृपा करावें जिससे इस क्षेत्र के सभी जरुरत-मद विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को स्वालंबन/ स्वरोजगार में अधिक लाभ प्राप्त हो सके, कृपया :-

1 श्रीमान उपमंडल अधिकारी (ना०), ढालपुर, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

2. श्रीमान महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, ढालपुर, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

3 श्रीमान तहलीलदार, ढालपुर, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

4 श्रीमान जिला जन संपर्क अधिकारी, ढालपुर, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

5. श्रीमान जिला रोजगार अधिकारी, ढालपुर, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

6. श्रीमान जिला परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, हि. प्र. सरकार, ढालपुर, कुल्लू

7. श्रीमान खंड विकास अधिकारी कुल्लू, ढालपुर, जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

8 श्रीमान प्रबंध निदेशक, हिम बुनकर, भुंतर, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

9 श्रीमान अध्यक्ष, भुट्टी कोआपरेटिव सोसाइटी, भुट्टी कॉलोनी, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

10. श्रीमती निदेशक, हिमाचल प्रदेश महिला कल्याण मंडल, चन्द्रआभा भवन, कुल्लू बस स्टैंड के पास, सरवरी बाज़ार, कुल्लू सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि इस निशुल्क प्रशिक्षण प्रवेश सूचना को सभी इच्छुक महिला उमीदवारो/ अभियार्थियो/ सदस्यों को सूचित/जानकारी प्रदान करावें तथा उनके प्रवेश फॉर्म भरवाने हेतु इस प्रशिक्षण केंद्र पर उनके विवरण (नाम, पता, मोबाईल न. आदि आवश्यक जानकारी) शिर्ध उपलब्ध करवाएं । इस प्रशिक्षण प्रवेश सूचना को अपने से सम्बंधित सभी महिला स्वयं सहायता समूह/ हितधारको के सभी मोबाइल WhatsApp ग्रुप में भी व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रशारित/भिजवाये जिससे विशेष रूप से जरुरत-मद पहाड़ी क्षेत्रीय ग्रामीण महिलाओं को इस हैंडलूम प्रशिक्षण केंद्र से अधिक लाभ प्राप्त हो सके ।

11. कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, शहरी आजीविका केंद्र, नगर परिषद, कुल्लू

12. प्रधान, महिला स्वयं सहायता समूह, गाँव ______________________

13. प्रधान, ग्राम पंचायत ________________________

15. नोटिस बोर्ड, बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र, कुल्लू

16. श्रीमान कार्यकारी निदेशक, केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड , वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, पावटा, जोधपुर (राज.) 342306 को सूचनार्थ एवं बोर्ड कि वेब साईट पर प्रवेश सूचना डलवाने हेतु निवेदन ।

प्रभारी,

बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र,

कुल्लू ( मोबाइल 94132 49237 & 94186 60331 )

E Mail: padsr.cwdb@gmail.com

2/2